तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4
हरदी में अवैध शराब-गांजा बिक्री से परेशान महिलाओं ने घेरा थाना



## खबर संक्षेप

### दो मोटर साइकिल की भिडंत से एक की मौत

**सरसींवा।** भीम पिता भगीरथी 40 अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 10 ईएम 5144 से साथी दीपक पटेल के अपने गृह ग्राम हसौद से सरसींवा तरफ़ दशकर्म कार्य क्रम मे भाग लेने जा रहे थे। इसी दैरान जैतपुर चौक के पास मुख्य सड़क पर विपरीत दिशा की ओर से जा रही एक प्लेटिना मोटर सायकल सीजी 06 पी 4336 के चालक से भिडंत हो जाने के कारण भीम पटेल की घटना स्थल पर मौत हो गई। साथी दीपक पटेल को चोट गली है जो इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। हसौद निवासी नकुल पटेल ने सरसींवा पुलिस को जानकारी दिया। पुलिस ने धारा 281/ 125/ 106 के तहत कायम कर लिया है।

### उधारी की रकम मांगी तो ब्लेड से किया हमला

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र में उधारी रकम के विवाद को लेकर पड़ोसियों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। घटना के संबंध में 25 जनवरी को वार्ड क्रमांक 12 सारथी मोहल्ला पुसौर निवासी विक्रम सारथी 29 द्वारा थाना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके बड़े भाई विक्की सारथी और चाची गुरबारी सारथी के साथ पड़ोसी दिलीप सारथी और उसकी पत्नी दीपा सारथी द्वारा गाली-गलौच कर मारपीट की गई तथा महिला दीपा सारथी द्वारा ब्लेड से हमला कर उसकी चाची और उसे घायल किया गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसकी भाभी सरोज सारथी द्वारा करीब 4-5 महीने पहले पड़ोस में रहने वाली दीपा सारथी को 3 हजार उधार दिए गए थे, जिसे वापस मांगने पर दीपा सारथी विवाद करने लगी और उसका पति दिलीप सारथी भी आकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। बीच-बचाव करने पहुंचे विक्रम सारथी और गुरबारी सारथी पर दीपा सारथी ने घर में रखे शेविंग ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे दोनों को चोट आई। पुसौर पुलिस ने धारा 296, 351,2, 115,2,3,5 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घायल विक्रम सारथी और गुरबारी सारथी के मेडिकल परीक्षण में डॉक्टर द्वारा धारदार वस्तु से चोट होना प्रमाणित किए जाने पर प्रकरण में 'गैर जमानतीय धारा 118,1 बीएनएस को विस्तारित किया गया। आरोपी दिलीप सारथी पूर्व में भी थाना पुसौर का आदतन अपराधी रहा है। जिसके विरुद्ध सड़क दुर्घटना और आबकारी से संबंधित प्रकरण दर्ज हैं तथा उसके विरुद्ध पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा चुकी है। पुसौर पुलिस ने आरोपी दिलीप सारथी 40 और उसकी पत्नी दीपा सारथी 37 को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया।

### पुलिस ने दो कबाड़ चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने लोहा चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को प्रार्थी विनोद राठिया 44 निवासी ग्राम गारे थाना तमनार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके ग्राम गारे स्थित भूमि पर बने लोहे के शेड से अज्ञात व्यक्ति द्वारा आलवेस्टर सीट एवं उसमें लगे लोहे के पाइप चोरी कर लिए गए हैं। पुलिस ने धारा 303, 2 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने क्षेत्र में कबाड़ का काम करने वालों से पूछताछ एवं पतासाजी शुरू की गई। जांच के दौरान वशीकूल इस्लाम एवं जयराम बेहरा कबाड़ खरीदने-बेचने की आड़ में चोरी की घटनाओं में संलिप्त रहने की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने ग्राम गारे माइंस क्षेत्र के पास स्थित शेड से आलवेस्टर सीट एवं लोहे के पाइप चोरी करना स्वीकार किया।

## बेंगलुरु की यह कंपनी लोगों को मुहैया कराती है आर्गनिक फूड, बेबी फूड भी करती है तैयार

# बेंगलुरु में महकेगी लैलूंगा के जैविक जवाफूल चावल की खुशबू, आहार वेन्यू को भेजा गया पहला लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्वतंत्र महंत

जिले के लैलूंगा में उत्पादित केलो जैविक जवाफूल चावल की खुशबू अब भारत के तीसरा सबसे बड़े नगर और पांचवां सबसे बड़ा महानगरीय क्षेत्र कर्नाटक राज्य के राजधानी बेंगलुरु में महकेगी।

**खास बात**
- ट्रांसपोर्ट में किया गया है बुक, तीन दिन बाद पहुंचेगी बेंगलुरु

कृषि विभाग के सहयोग से लैलूंगा के किसानों ने बुधवार को पहली लॉट डेढ़ क्विंटल जवाफूल चावल ट्रांसपोर्ट में बुक कर दिया है। बेंगलुरु की एक बड़ी कंपनी आहार वेन्यू ने इसकी डिमांड की है। आहार वेन्यू आर्गनिक फूड का काम करती है और लोगों को मुहैया कराती है। यह कंपनी बेबी फूड भी तैयार करती है, जिसका उपयोग पूरे राज्य में किया जाता है। बेंगलुरु के लिए पहली लॉट बुक करते समय लैलूंगा के किसानों के आंखों में सफलता की एक अलग ही चमक नजर आ रही थी। यह किसानों के साथ जिले के लिए भी खुशी और गर्व की बात है।

आहार वेन्यू कंपनी ने केलो जैविक जवाफूल चावल करीब 50 क्विंटल का आर्डर दिया है, लेकिन अभी केवल डेढ़ क्विंटल भेजी गई है। लैलूंगा के किसान बीते 2013 से जैविक जवाफूल चावल का उत्पादन कर रहे हैं। सेंपल लेकर इस चावल की लैब में जांच की गई है। इसके बाद छग शासन की ओर से इस चावल को सर्टिफाइड की गई है। वहां से सर्टिफिकेशन होने के बाद इसकी मांग बढ़ गई है।






चावल खरीदी करने पहुंचा ग्राहक और पेकिंग जवाफूल चावल।

### ऐसे हुआ संपर्क

बेंगलुरु के कंपनी आहार वेन्यू को पहले दंतेवाड़ा से जैविक चावल सप्लाई की जाती थी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी यहां दंतेवाड़ा से ही यहां तबादला होकर आए हैं। कलेक्टर ने यहां के किसानों को भी इसके लिए प्रोत्साहित किया। लैलूंगा में जो चावल होती है उसकी डिमांड राजधानी तक ही सीमित था। इसके बाद कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने लैलूंगा के किसानों को प्रोत्साहित किया और इसका सुखद परिणाम सामने आया है। बेंगलुरु के आहार वेन्यू कंपनी की डिमांड 5 क्विंटल (500केजी) की है, लेकिन इसे धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी और 50 क्विंटल तक ले जाने का टारगेट है। जो चावल अभी बेंगलुरु भेजी गई है वह नया है। इस चावल की खुशबू एक से डेढ़ साल तक रहती है। लैलूंगा में इस साल खरीफ सीजन में करीब 500 एकड़ में जैविक जवाफूल धान की खेती की गई थी।

### इसलिए किसानों ने दिया ब्रांड नेम केलो

लैलूंगा से केलो नदी की उत्पत्ति हुई है, इसलिए जैविक खेती करने वाले किसानों ने इस चावल का ब्रांड नेम केलो जैविक जवाफूल चावल दिया है। इसी ब्रांड से चावल की बिक्री हो रही है। अभी राजधानी के कई लोग यहां से चावल ले जाते हैं। जानकारी मिली है कि अब इस चावल जिओ टेगिंग होने वाली है। इसके बाद इसकी डिमांड विदेशों से भी आएगी।

> दंतेवाड़ा में हमने जैविक चावल सप्लाई किया था। जिले के किसानों को भी प्रोत्साहित किया गया। अभी पहली लॉट बेगलुरु के कंपनी को भेजी गई है। इसकी आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी।
>
> **मयंक चतुर्वेदी**
> कलेक्टर

### मेडिकल कॉलेज कर्मचारी क्वार्टर की छत से गिरी छात्रा, मौत

**रायगढ़।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कर्मचारी आवास से गिरकर एक छात्रा की मौत हो गई है। छात्रा कक्षा 12 वी की छात्रा थी। परीक्षा पास ही होने के कारण रात में पढ़ाई कर रही थी। सुबह.सुबह छत पर टहलने गई थी। इसी दौरान संभवतरू पैर फिसला और नीचे गिर गई। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू किया है। जानकारी के अनुसार अन्याय सर्वे पिता राजेश सर्वे 16 साल निवासी मेडिकल कॉलेज कैंपस टाइप 6 चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में परिजनों के साथ रहती थी। कक्षा 12 वीं संस्कार स्कूल पड़ती थी। परीक्षा नजदीक है, जिसको लेकर छात्रा तैयारी में जुटी हुई थी। छात्रा रात 2 बजे तक घर में पढ़ाई कर रही थी। जिसके बाद सुबह छत में टहलने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान संभवत उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू किया है। बताया जा रहा है। छात्रा के पिता डीन ऑफिस में बाबू के पद पर कार्यरत है। मूलतः बिलासपुर के गिनियारी के रहने वाले है।

## मामा घर से लौट रहे युवक को रास्ते में दो युवकों ने जलाया जिंदा, अस्पताल में मौत

**रायगढ़।** मामा घर से लौट रहे वेल्डर का दो युवकों ने रास्ता रोक लिया। फिर युवक को अपने साथ ले गए। फिर सुबह उसका शव गांव के ही एक गली में अधजली अवस्था में मिली। मृतक सैलरी आने की जानकारी के लिए गया हुआ था। जहां काम नहीं होने पर मामा घर चला गया। जहां से खाना खाने के बाद अपने घर लौट रहा था।

सूचना के बाद खरसिया पुलिस ने एक संदेही को हिरासत में लिया है। दूसरा फरार है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शिव प्रसाद पटेल पिता स्व. लेखराम पटेल ग्राम चपले 40 साल कुनकुनी साइडिंग में वेल्डर का काम करता था। सैलरी आने की जानकारी लेने के लिए 16 फरवरी को मौहपाली गया हुआ था। शाम को मामा के घर मौहपाली में रुका। जहां रात में 10 बजे खाना खाने के बाद घर के लिए निकला था। घर से करीब आधा किमी की दूसरी पर भाटापारा मोहल्ले में पहुंचा था। जहां रास्ते में निलेश डेंजारे और गंगा राम उर्फ कृष्णा ने उसका रास्ता रोक लिया। दोनो संदेही मृतक के पास सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए है। परिजनों ने बताया कि दोनों आदतन बदमास है। जहां दोनों उसे पकड़कर वहां से कही ले गए। उसके सिर पर ठोस वस्तु से प्रहार किया। जिससे वह जख्मी हो गया है। जहां आरोपियों ने उसे मृत समझकर आग के हवाले कर दिया है। फिर गांव के ही एक गली में उसके अधजले हालात में छोड़ दिया। सुबह उसके मामा को घटना की जानकारी किसी ने दी। ऐसे में घायल को खरसिया अस्पताल लेकर गए। जहां से रायगढ़ रिफर किया गया था। जहां 17 फरवरी की देर शाम उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है।

### सीसीटीवी में कैद हुए दो आरोपी

परिजनों ने गांव में लगे सीसीटीवी फूटेज दिया हैए जिसमें दोनो आरोपी साढ़े 10 से 11 बजे रात मृतक के साथ बाइक के पास खड़े हुए देख गए है। आरोपी उसे अपने साथ ले जाते भी देखें गए है। घायल कर मृतक को छोड़कर फरार हो गया है। दोनों संदेही कैमरे में कैद हो गए है। जिसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की है। एक को हिरासत में लिया है।

## औद्योगिक क्षेत्र के एक प्लांट में चल रहा था क्रिकेट सट्टा, पुलिस ने की रेड, लॉगिंन आईडी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

बोईरदादर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्याम फिनाइल उद्योग में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चल रहा था। यहां से दो सट्टा खाईवालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। फिनाइल प्लांट में विकास अग्रवाल मोबाइल फोन से वर्तमान में चल रहे क्रिकेट वर्ल्ड कप के इंग्लैण्ड और इटली के मैच पर ऑनलाइन सट्टा काट रहा था।

चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी कर मौके पर रेड मारी। जहां विकास अग्रवाल और उसके साथ मौजूद विनय अग्रवाल फैक्ट्री के एक अलग कमरे में बैठकर तीन मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पाए गए। पूछताछ में आरोपी विकास अग्रवाल ने अपने साथी विनय अग्रवाल और गगन अग्रवाल निवासी खरसिया के साथ मिलकर सट्टा खाईवाल का काम करना स्वीकार किया। आरोपी विकास अग्रवाल के पास से मोबाइल जब्त किया गया, जिनका उपयोग उनके साथी सट्टा संचालक और सट्टा खेलने वालों से संपर्क के लिए किया जा रहा था। उसके पास से सट्टा से प्राप्त 2000 नकद भी बरामद किया गया। वहीं आरोपी विनय अग्रवाल के कब्जे से भी मोबाइल फोन जब्त किया गया, जिसमें ऑनलाइन सट्टा वेबसाइट लॉगिंग था। चक्रधरनगर पुलिस ने धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। उनका साथी सट्टा संचालक गगन अग्रवाल फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। पकड़े गए आरोपी में विकास अग्रवाल उर्फ फून्नु पिता श्यामसुंदर अग्रवाल 38 निवासी फ्लैट नंबर 110 हिमालया हाईट्स, थाना चक्रधरनगर, विनय अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल 49 निवासी सांगीतराई थाना जूटमिल, वहीं फरार गगन अग्रवाल हैं।



## जलकर जमा नहीं किया, निगम की टीम ने काटा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

नगर निगम प्रशासन ने राजस्व वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने मंगलवार को राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर संपत्ति करए समेकित करए जल कर एवं यूजर चार्ज जमा नहीं करने वाले 50 हजार से ज्यादा के बड़े बकायादारों के विरुद्ध नल कनेक्शन काटने एवं सील करने संबंधित कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

बैठक में निगम के दुकानदारों से किराया एवं टैक्स वसूली की भी समीक्षा की गई।

इस दौरान देयक किराया एवं टैक्स की राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों पर सीलिंग तथा आवंटन निरस्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी तरह सभी सहायक राजस्व निरीक्षक को जलकर बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेदन तथा सम्पत्तिकर, समेकित कर और जलकर की वसूली में तेजी लाने के लिए अभियान चलाने कहा गया। आयुक्त ने 50 हजार से अधिक बकाया रखने वालों के विरुद्ध धारा 173 के अंतर्गत नोटिस जारी कर नियमानुसार वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी वार्ड प्रभारियों को प्रतिदिन अपने क्षेत्र के कम से कम 50 घरों से संपर्क कर निगम से संबंधित सभी तरह के टैक्स वसूली की कार्रवाई करने और शाम 5 बजे तक अपना प्रतिदिन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है।

बैठक में राजस्व शाखा के सभी अधिकारी, राजस्व निरीक्षकए सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे। निर्देशों के तहत बुधवार को राजस्व की टीम द्वारा ने विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की। वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 में टाउन हॉल के सामने सोनारपारा एवं पैलेस रोड क्षेत्र में सत्यनारायण, शिवमंगल तथा राजेश के मकानों में लगभग 2 लाख 40 हजार 854 रुपए बकाया होने पर कनेक्शन काटे गए। अभियान के दौरान 78 हजार 759 रुपए जलकर की वसूली भी की गई।



## दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ितों ने ने अपने परिजनों के साथ थान में लैलूंगा निवासी युवक प्रकाश उर्फ राहुल पैंकरा के विरुद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराया है। लैलूंगा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के मुख्य आरोपी ओमप्रकाश पैंकरा उर्फ प्रकाश उर्फ राहुल पैंकरा तथा घटना में सहयोगी आरोपी जयकिशन धोबा को हिरासत में ले लिया। बाद में दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों पीड़िता आपस में सहेली हैं।

बालिका ने लिखित आवेदन में बताया कि उसका दिसंबर 2025 में ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश उर्फ राहुल पैंकरा से मोबाइल के माध्यम से परिचय हुआ था। आरोपी ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने का प्रलोभन दिया। 14 फरवरी को आरोपी ने लड़की को लैलूंगा मिलने बुलाया। लड़की अपनी सहेली के साथ पत्थलगांव होते बस से लैलूंगा पहुंची। अटल चौक लैलूंगा पर आरोपी राहुल अपने दोस्त जयकिशन धाबो के साथ मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 एमयू 3456 से दोनों को लेने आया। चारों ग्राम सोनाजोरी गए, जहां रात में आरोपी प्रकाश और उसके साथी चारों एक बाइक से सोनाजोरी जंगल गए। वहां मुख्य आरोपी ओमप्रकाश पैंकरा ने पहले उसकी कथित प्रेमिका के साथ दुष्कर्म किया फिर उसकी सहेली के साथ भी दुष्कर्म किया तथा घटना किसी को बताने पर मारपीट की धमकी दी। दोनों पीड़िताओं द्वारा अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत कर थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिस पर अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किया गया। धारा 70 भारतीय न्याय संहिता एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट, धारा 70 भारतीय न्याय संहिता एवं 4ए 6 पाक्सो एक्ट आरोपी ओमप्रकाश पैंकरा ने पूछताछ में दोनों युवतियों के साथ दुष्कर्म करना स्वीकार किया है, जबकि जयकिशन धोबा घटना में सहयोगी पाया गया।





**इसके पहले घरघोड़ा में भी दो ट्रैक्टर खैर लकड़ी पकड़ी जा चुकी है, संगठित गिरोह कर रहा है काम**

# लकड़ी तस्करी का नेशनल नेटवर्क, खैर लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ जिले से खैर लकड़ी के तस्करी का नेशनल नेटवर्क सामने आने लगा है। एक महीने के भीतर दो ट्रेक्टर और एक ट्रक खैर लकड़ी पकड़ में आ चुका है। घरघोड़ा में दो बार और अब रायगढ़ में एक ट्रेक्टर खैर लकड़ी पकड़ी गई है। याने लकड़ी तस्करों के एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ हुआ।

जानकारी के मुताबिक 16 फरवरी को वन विभाग के उड़नदस्ते की टीम ने दबिश दी, तस्करों में हड़कंप मच गया और वे लकड़ी से लदा ट्रक लेकर भागने लगे। वन विभाग की सतर्कता के चलते चंद्रपुर मार्ग पर घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 06-2022 को पकड़ा गया। गिरोह के सदस्यों की मदद से चालक एक बार तो किसी तरह फरार हो गया, लेकिन बाद में छानबीन के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। आरोपी चालक और उसके साथी मेलाराम ने बताया कि गिरोह आसपास के जंगलों से खैर की बेशकीमती लकड़ी काटकर सहसपुरी में डंप करता था। इसके बाद लकड़ी को चांपा स्थित मनीष अग्रवाल के एक गुप्त गोदाम में भेजा जाता था। रात लगभग एक बजे रायगढ़ की टीम ने तस्करों का पीछा करते हुए चांपा के अकलतरा भांटा क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी की। चांपा वन विभाग के सहयोग से की गई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में खैर की लकड़ी बरामद की गई। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह के तार अन्य राज्यों से जुड़े हुए हैं।





### रायगढ़ और चांपा है सेंटर पाइंट

रायगढ़ और चांपा को केंद्र बनाकर तस्कर लकड़ी को ऊंचे दामों पर पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में खपाते थे। इस पूरे ऑपरेशन में उप वनमण्डलाधिकारी तन्मय कौशिक वन परिक्षेत्राधिकारी संजय लकड़ा और उड़नदस्ता प्रभारी संदीप नामदेव की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।जानकारी के मुताबिक अभी की स्थिति में धरमजयगढ़, तमनार और रायगढ़ वन मंडल के जंगलों में खैर लकड़ी है। घरघोड़ा में भी है, लेकिन काफी कम मात्रा में। ऐसे में अभी धरमजयगढ़ से खैर लकड़ी की तस्करी होनें की जानकारी मिल रही है।

### एक करोड़ से अधिक की लकड़ी

खैर लकड़ी का नेशनल नेटवर्क सामने आ चुका है। जानकारी मिली है कि खैर लकड़ी की कीमत 8-10 रुपए किलो बिकता है। ऐसे में अब तक करीब एक करोड़ का खैर लकड़ी पकड़ में आ चुका है। पहले जो लकड़ी तस्कर पकड़ाए थे उसमें तीन लोग थे और तीनों मैसोर जिला बरेली यूपी के निवासी थी। याने यूपी के तस्कर लोकल लोगों की मदद से नेशनल नेटवर्क के लिए काम कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## सिंहासिनी मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा



**राउरकेला।** बिरसा डाहर स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय शीतला माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ बुधवार, 18 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से ओतप्रोत इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष भक्तों ने भाग लिया। उदितनगर महताब रोड, ओरामपाड़ा स्थित सिंहासनी मंदिर से ढोल नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं की लंबी कतारें और माथे पर कलश लिए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जय माता दी के गगनभेदी नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों महताब रोड, म्यूनिसिपल कॉलेज, पार्किंग एरिया, पावर हाउस रोड, मंगल भवन लाल बिल्डिंग चौक मेन रोड होते हुए बिरसा डाहर स्थित मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन संपन्न हुआ।

## राउरकेला में तड़के पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**राउरकेला।** बुधवार तड़के एक अभियान के तहत राउरकेला पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित छापेमारी की। यह कार्रवाई गंभीर आपराधिक गतिविधियों, विशेष रूप से साइबर अपराध और म्यूल अकाउंट से जुड़े मामलों में विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को शहर के कुछ इलाकों में संदिग्ध अवैध साइबर गतिविधियों से संबंधित विशेष खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी। इसी के आधार पर सुबह सुबह विशेष अभियान प्रारंभ किया गया। छापेमारी मुख्य रूप से प्लांट साइट थाना और उदितनगर थाना क्षेत्रों सहित आसपास के इलाकों में की जा रही है, जहां पुलिस टीमों द्वारा व्यापक तलाशी और सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। पूरे अभियान की निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर रहे हैं, ताकि कार्रवाई प्रभावी ढंग से संपन्न हो और किसी भी संभावित स्थिति को नियंत्रित रखा जा सके। हालांकि कथित साइबर ठगी या अन्य आपराधिक गतिविधियों की सटीक प्रकृति का अभी खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई संगठित अवैध बैंक लेनदेन खातों म्यूल अकाउंट पर रोक लगाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

## गुरुंडिया में 3 एकड़ अवैध अफीम की खेती नष्ट



**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के गुरुंडिया थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चलाए गए एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत लगभग तीन एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई पंकाडीही पंचायत अंतर्गत जड़ा गांव में की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, समन्वित प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध फसल की पहचान की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत लगभग 42 लाख रुपये बताई जा रही है। कानून प्रवर्तन टीम ने मौके पर ही अफीम के पौधों को उखाड़कर नष्ट कर दिया, ताकि आगे इसकी प्रोसेसिंग और तस्करी को रोका जा सके। यह छापेमारी राउरकेला पुलिसए आबकारी विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। अभियान क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान का हिस्सा था। प्रारंभिक जांच में इस अवैध खेती के पीछे किसी संगठित गिरोह की संलिप्तता के संकेत मिले हैं।

## पलसा आरक्षित वन में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई



**केंदुझर।** ओडिशा के केंदुझर जिले में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के लौह अयस्क से लदा एक ट्रक, एक लोडर मशीन और एक स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है। केंदुझर जिले के पलसा आरक्षित वन क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि खनन माफिया 16 चक्का ट्रक में लोडर मशीन की सहायता से अवैध रूप से लौह अयस्क लंप्सद्ध लोड कर रहे हैं। सूचना मिलते ही बामेबारी थाना पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी कर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान ट्रक यूपी 44 बीटी 2941 स्कॉर्पियो ओडी 09 वी 2058 और लोडर मशीन ओडी 09 ई 1410 को जब्त कर लिया गया। जब्त ट्रक में लगभग 36 मीट्रिक टन उच्च गुणवत्ता का लौह अयस्क पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

## अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश

**राजगांगपुर।** संगठित साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए राजगांगपुर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय म्यूल अकाउंट नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सुंदरगढ़ पुलिस के पर्यवेक्षण में की गई इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैए जबकि लगभग 74 लाख रुपए की संदिग्ध राशि वाले बैंक खातों को फ्रीज किया गया है। जांच में अब तक 4 करोड़ रुपये से अधिक के लेन देन का खुलासा हुआ है। पुलिस को मिली खुफिया सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़ी संदिग्ध बैंकिंग गतिविधियों की जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान चार ऐसे बैंक खातों की पहचान हुई जिन्हें म्यूल अकाउंट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। इन खातों के जरिए विभिन्न राज्यों के पीड़ितों से साइबर ठगी कर प्राप्त धनराशि जमा और स्थानांतरित की जाती थी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गिरोह फिशिंग, फर्जी निवेश योजनाओं और ऑनलाइन ठगी कॉल जैसे तरीकों से धन उगाही कर रहा था।

### अलौकिक श्रृंगार, सवामनी प्रसाद के साथ होगा भंडारा

# श्याम बिहारी मंदिर का 14वां स्थापना दिवस आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

खरसिया नगर की धन्य धरा पर अंचल की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुंब द्वारा श्री श्याम बिहारी मंदिर 14वां स्थापना वर्ष बड़ी धूमधाम से 19 फरवरी 2026 को मनाया जाएगा। स्थापना वर्ष के पावन अवसर पर भजनों की अमृत वर्षा अलौकिक श्रृंगार अखंड ज्योत प्रज्वलित एवं सवामणी प्रसाद, पूड़ी सब्जी का भण्डारा लगाया जाएगा। श्री श्याम कुटुंब के संस्थापक मुकेश मित्तल ने बताया कि खरसिया नगर में विगत 14 वर्ष पूर्व फाल्गुन शुक्ल फलेरा दूज को श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा भव्य श्री श्याम बिहारी मंदिर का निर्माण खरसिया नगर के साथ .साथ अंचल के श्याम प्रेमियों के सहयोग से को किया गया था। श्री श्याम बिहारी मंदिर का 14वां स्थापना वर्ष 19 फरवरी को श्री श्याम कुटुंब द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

स्थापना वर्ष के पावन अवसर पर भजनों की अमृत वर्षा रात्रि 8.11 बजे से प्रारंभ होगी भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए कलकत्ता से राज गुरू चंग धमाल के साथ अपनी मधुर वाणी से बाबा के भक्तों को भजनों के माध्यम से बाबा श्याम के अमृत रूपी गंगा में डुबकी लगवाएंगे। श्री श्याम बिहारी मंदिर संस्था के सदस्यों एवं आए हुए सभी भक्तों के द्वारा बाबा श्याम मंदिर के 14वी वर्षगांठ पर केक भी काटा जाएगा मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रंगीन झालरों से सजाया जा रहा है वही मंदिर परिसर के अंदर गुब्बारे भी लगाए जाएंगे।



### फागुन की मस्ती में रहते हैं बाबा के भक्त : मुकेश मित्तल

बाबा श्याम के भक्तों के लिए फागुन का महीना का विशेष महत्व रहता है बाबा श्याम के भक्तों द्वारा फागुन शुक्ल ग्यारस को बड़ी ग्यारस के रूप में धूमधाम से पूरे देश में मनाया जाता है श्याम के भक्तों का होली उत्सव फागुन के महीने में ही आता है रंग रंगीला फागुन महोत्सव के नाम से बाबा श्याम का फागुन महीना का उत्सव का उत्साह देश के सभी श्याम प्रेमियों को इंतजार रहता है फागुन शुक्ल पक्ष की एकम से ही राजस्थान की खाटू श्याम जी में 15 दिनों का भव्य मेला के रूप में भरा जाता है देशभर के लाखों श्याम भक्त फागुन महीना आते ही रंग रंगीला फागुन मस्तियों की मस्ती में डूब कर बाबा श्याम को सभी भक्त आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## राउरकेला वन प्रभाग में खुले कुएं में गिरे हाथी का रेस्क्यू



**राउरकेला।** एक नाटकीय बचाव अभियान में राउरकेला वन प्रभाग के हातीबारी सेक्शन अंतर्गत गडलुरु गांव के पास कृषि भूमि के समीप खुले कुएं में गिरे एक जंगली हाथी को वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सूत्रों के अनुसार तड़के हाथी खेतों के किनारे से गुजर रहा था, तभी वह फिसलकर खुले कुएं में जा गिरा। हाथी की चिंघाड़ सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंची और सुनियोजित रेस्क्यू अभियान शुरू किया। हाथी को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए दो जेसीबी मशीनों की सहायता ली गई। कई घंटों की सावधानीपूर्वक मशक्कत के बाद हाथी को बिना किसी गंभीर चोट के सफलतापूर्वक कुएं से बाहर निकाल लिया गया। बचाव कार्य के दौरान अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि ग्रामीणों में अफरा तफरी की स्थिति न बने और हाथी पर अतिरिक्त तनाव न पड़े। रेस्क्यू के बाद कुछ समय तक हाथी की निगरानी की गई और उसकी स्थिति सामान्य पाए जाने पर उसे पास के जंगल की ओर सुरक्षित मार्गदर्शन कर भेज दिया गया।

## मणि प्रभा को सेवानिवृत्ति पश्चात पांडिचेरी में मिला ग्लोबल आइकॉन प्रेस्टीज अचीवर्स अवार्ड

**कोसीर।** सारंगढ़ जिला मुख्यालय के मणिप्रभा ने प्रेरणादाई समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में एक्सीलेंट गाइडेंस और साहित्य तथा समाज के कामों के प्रति जागरूकता के लिए या अवार्ड दिया गया है पांडिचेरी चेन्नई में जो की सेवानिवृत्ति के पश्चात भी स्कूलों में मैं अपनी सेवा कार्य को निरंतर जारी रखी हूं सेवानिवृत्ति प्रधान पाठिका मणिप्रभा त्रिपाठी माध्यमिक शाला सहसपुर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से सेवानिवृत हो गई अभी पुनर्नियुक्त हो कर विद्यालय मा शा सहसपुर में अपनी सेवा दे रही हैं।

जहां सेवानिवृत्ति के पूर्व उन्होंने अपने स्वयं के वेतन से 15 लाख रुपए विद्यालय में लगाकर स्वर्य के व्यय से शाला के चारों तरफ हरे भरे बहुत बड़े मैदान जो चंजर पड़ी हुई थी को सुंदर पुष्प वाटिका मैं बदल दिया, विद्यालय जो खंडार बन चुका था शासन उसकी मरम्मत के लिए कभी भी संज्ञान नहीं ले रहा थी मणिप्रभा शासन का मुंह देखने बगैर स्वयं शाला की गति को कायाकल्प करने का बीड़ा उठाया उन्होंने वहां 2011 में पदभार प्रधान पाठक के पद पर ग्रहण करने के पश्चात



शाला के चारों तरफ खंडहर इमारत के चारों ओर चबूतरा बनाकर सुंदर मजबूत आकर्षक बना दिया और शाला प्रांगण के सामने पड़ी बंजर मैदान को बहुत सुंदर पुष्प वाटिका में ही नहीं बदला बल्कि एक आकर्षक किचन गार्डन बनाकर जिसमें आम सेवा केला संतरा लीची चीकू पपीता सीताफल रामफल एप्पल बेर अमरूद शहतूत स्टार फ्रूट कटहल आदि के पर्यास मात्रा में पेड़ लगाए जिस की 2019 से लेकर आज पर्यन्त न जाने कितने बैच के बच्चे इन फलों को मध्यान्ह भोजन में ग्रहण करके लाभान्वित हुए हैं ।

## लैलूंगा में भूमि नामांतरण विवाद ने लिया मोड़, वारिसों ने आयुक्त से की शिकायत

**रायगढ़/लैलूंगा।** लैलूंगा तहसील अंतर्गत नगर का बहुचर्चित भूमि नामांतरण विवाद अब संभागीय स्तर तक पहुंच गया है। मृतक जहरसाय के वैध वारिसों ने आज बिलासपुर संभाग के आयुक्त को एक विस्तृत शिकायत पत्र प्रेषित कर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत में तहसीलदार शिवम पांडे पर राजस्व नियमों की अनदेखी करते हुए नामांतरण आदेश पारित करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि लैलूंगा नगर स्थित खसरा नंबर 622/12 एवं 502/6 की कुल 1.290 हेक्टेयर भूमि जो पूर्व में जहरसाय के नाम दर्ज थी, उनके निधन के पश्चात उत्तराधिकार के तहत सभी वैध वारिसों के नाम दर्ज किए जाने चाहिए थे। राजस्व प्रक्रिया के अनुसार नामांतरण से पूर्व समस्त वारिसों को विधिवत नोटिस देना, आपत्तियों के लिए अवसर प्रदान करना तथा आवश्यक होने पर सार्वजनिक सूचना जारी करना अनिवार्य होता है।

## ईंट भट्टा में बंधक मजदूर सकुशल लौटे , सुनाई आपबीती

**कोसीर।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों से मजदूर रोजी रोटी के लिए दूसरे दूसरे राज्यों पर हर साल पलायन करते है, जिसमें सबसे ज्यादा ईंट भट्ठा और भवन निर्माण का काम होता है।

हर वर्ष की तरह सारंगढ़ जिला के विभिन्न गांव से भी झारखण्ड राज्य के गुमला जिला में। ईंट भट्टा कंपनी पर मजबूरीवश काम करने के लिए मजबूर हो गए, जिसमें नाबालिक बच्चे भी शामिल है, यह मजदूर लोग लगभग पिछले 3 माह से भट्ठा पर काम कर रहे थे, प्रोडक्शन कम होने पर ईंट भट्ठा मालिक सतीश यादव द्वारा मजदूरों को गाली गलौज, मार पीट किया गया जाता था, महिलाओं को गंदी नजरों से देखा जाता था, मूलभूत सुविधा से वंचित रखा गया, सप्ताह में प्रत्येक परिवार को राशन सामग्री के लिए केवल एक हजार रूपए भट्ठा मालिक द्वारा दिया जाता था, बीमार पड़ने पर कोई मेडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं था, मालिक का अत्याचार दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा था, ऐसे में मजदूरों ने एक बार छुपकर घाघरा थाने में आप बीती बताई लेकिन वहां पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने मालिक को बता दिया, जिस मालिक और क्रूरतापूर्वक व्यवहार करने लगा एक मजदूर किसी भी तरह से भट्ठा से भागकर छत्तीसगढ़ पहुंचा और पलायन के मुद्दों पर काम करने वाला सामाजिक कार्यकर्ता सुशील अनंत को संपर्क किया, सुशील अनंत वर्तमान में एक सामाजिक संगठन चलाता है। सुशील अनंत द्वारा झारखंड राज्य के गुमला जिला के कलेक्टर महोदया और पुलिस अधीक्षक को ईमेल के जरिए पत्र व्यवहार भेजा और फोन पर बात कर मजदूरों को तत्काल मालिक के चंगुल से छुड़वाकर



छत्तीसगढ़ भेजने के लिए कहा गया, गुमला जिला श्रम विभाग और रेवेन्यू विभाग द्वारा मजदूरों को बंधक मुक्त कराकर 17 फरवरी को शाम 5 बजे महेंद्रा बस से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना किया गयाए और आज 28 फरवरी की सुबह सारंगढ़ सकुशल वापस लौट गए हैं। मजदूरों के चेहरे पर खुशी है। सुशील अनंत ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बंधकों की फोटो भेजते हुए अपनी बात रखी है और कहा कि छत्तीसगढ़ में देखा जाए तो पिछले लगभग 12 वर्षों से पलायन के मुद्दों पर काम करते आ रहा हूं, जिसमें 8 से 10 जिले ऐसे है जहां पर हर साल पलायन का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है, छत्तीसगढ़ सरकार पलायन रोकने में विफल है और स्थानीय प्रशासन भी अपने अपने क्षेत्रों पर इस मुद्दा पर थोड़ा सा भी काम नहीं करता है, जबकि ये हम सब की जिम्मेदारी बनता है मजदूर वर्ग के लोगों को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ देना चाहिए न्यूनतम मजदूरी और बंधुआ मजदूरी के विषय पर विशेष जागरूकता होना सुनिश्चित होना चाहिए।

## महानदी तट पर गूंजा हर हर महादेव जैतपुर में आस्था का विराट उत्सव

**सरसींवा।** महाशिवरात्रि की पावन बेला में सरसींवा समीपस्थ ग्राम जैतपुर स्थित महानदी तट आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिभाव से सराबोर नजर आया। उषा की लालिमा के साथ हर-हर महादेव के जयघोष ने वातावरण को शिवमय बना दिया। इसी पावन अवसर पर बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने सपरिवार पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक संपन्न किया और भगवान शिव से क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि, शांति तथा उन्नति की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार, धूप दीप की सुगंध और घंटों की



अनुगूंज के बीच संपन्न इस अनुष्ठान ने पूरे घाट को दिव्यता से आलोकित कर दिया। जलए दूध और बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया गया। पूर्व विधायक राय ने कहा कि महाशिवरात्रि आत्मशुद्धि, संयम और लोककल्याण के संकल्प का पर्व है, जो समाज में सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उल्लेखनीय है कि महानदी के इसी पावन तट पर स्थापित शिवलिंग की स्थापना स्वयं पूर्व विधायक चंद्रदेव राय द्वारा कराई गई थी, जो आज जैतेश्वर महादेव के रूप में क्षेत्र की अटूट आस्था का केंद्र बन चुका है। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर को पुष्प सज्जा और दीपों की पंक्तियों से सुसज्जित किया गया था, जिससे वातावरण और भी अलौकिक प्रतीत हो रहा था। महानदी के शांत प्रवाह के बीच शिवभक्ति की यह अलौकिक छटा क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना का सशक्त प्रतीक बनी रही। पूजा अर्चना उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## नगरपंचायत ने कराई बरमकेला के लाल तालाब की सफाई



**बरमकेला।** बरमकेला नगर में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। नगर के हृदय स्थल पर स्थित प्रमुख जलस्रोत लाल तालाब की व्यापक एवं सुनियोजित सफाई कराकर नगर पंचायत ने एक सराहनीय पहल की है। यह कार्य नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक विश्वकर्मा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सत्यभामा मनोहर नायक के विशेष प्रयासों और सतत निगरानी में पूर्ण किया गया।कुछ समय पूर्व लाल तालाब की हालत अत्यंत चिंताजनक हो गई थी। तालाब में चारों ओर कचरे का अंबार लगा हुआ था और जलकुंभी तेजी से फैल चुकी थी, जिससे पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। आसपास के नागरिकों ने भी इस समस्या को लेकर चिंता जताई थी। मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत ने इसे गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई का निर्णय लिया। नगर पंचायत द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। श्रमिकों एवं मशीनों की मदद से तालाब में जमी गंदगी, प्लास्टिक कचरा तथा जलकुंभी को हटाया गया। कई दिनों तक चले इस अभियान के बाद अब तालाब का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। साफ जल और स्वच्छ किनारे नगर की सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। नगर का प्रमुख जलस्रोत लाल तालाब बरमकेला नगर के बीचों बीच स्थित है इसलिए यह केवल एक जलाशय नहीं बल्कि नगर की पहचान भी है।

## क्लब कलस्टर कैरियर गाइडेंस का आयोजन




**खरसिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोडतराई में क्लब क्लस्टर स्तरीय कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संकुल केंद्र कोडतराई, डोंगीतराई और कछार के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं के कक्षा पांचवीं और आठवीं में अध्ययनरत टॉपर विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा आगामी वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस क्लब क्लस्टर स्तरीय कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोडतराई के प्राचार्य एस आर भगत, वरिष्ठ व्याख्याता जी पी नायक, प्रधान पाठक प्रेम सिंह दीवान, कार्यालय प्रभारी प्रवीण चतुर्वेदी एवं उपस्थित गुरुजनों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर किया। मंचासिन अतिथियों के उद्बोधन पश्चात क्लब क्लस्टर स्तरीय कैरियर गाइडेंस कार्यशाला में उपस्थित विगत दिनों सम्पन्न हुए अर्ध वार्षिक परीक्षा में कक्षा पांचवीं और आठवीं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अलग अलग विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा आगामी वार्षिक परीक्षा के मद्देनजर उनका मार्गदर्शन किया। बच्चों ने भी पूरे समय ध्यान से शिक्षकों की बातों को ध्यान से सुना जिससे यह लगा कि यह आयोजन उनके लिए काफी कारगर साबित होगा और इसका लाभ उन्हें आने वाले समय में अवश्य मिलेगा।

# ओपीजेयू में राष्ट्रीय स्तर के टेक्नो कल्चरल महोत्सव टेक्नो म्बिशन का आग़ाज़

**रायगढ़।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का टेक्नो कल्चरल महोत्सव टेक्नो म्बिशन 26, 19 से 21 फ़रवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में देशभर से आए छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और लाखों रुपए की पुरस्कार राशि अपने नाम करेंगे। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार के अनुसार राष्ट्रीय स्तर का टेक.फेस्ट टेक्नो म्बिशन छात्रों को अपनी वैज्ञानिक तकनीकी और प्रबंधन क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक अनोखा मंच देता है। यह महोत्सव नवाचार रचनात्मकता और नेतृत्व की भावना को बढ़ावा देने के साथ साथ छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सहयोग की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करता है। खास बात यह है कि यह पूरी तरह से छात्रों द्वारा डिज़ाइन और आयोजित किया जाता है जिसमें उन्हें प्राध्यापकों का मार्गदर्शन मिलता है।

19 फ़रवरी को सुबह 10 बजे टेक फेस्ट के प्रमुख तकनीकी इवेंट टेक लैब का शुभारम्भ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शशधर दास प्लांट हेड अडानी पावर रायगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अभय कुमार समैय्यार प्लांट हेड उपस्थित रहेंगे। शाम को




टेक.फेस्ट का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय कुमार पांडेय सीईओ जिंदल पावर लिमिटेड, तमनार विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. आरडी पाटीदार एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में करेंगे। तीन दिन तक चलने वाले इस टेक्नो कल्चरल फेस्ट टेक्नो म्बिशन में दिन भर विभिन्न प्रकार की तकनीकी एवं गैर तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं एवं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस आयोजन से छात्रों को होने वाले लाभों के बारे में बात करते हुए डॉ पाटीदार ने बताया की दिन भर विभिन्न प्रकार की तकनीकी और गैर तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि एक ओर जहां तकनीकी प्रतियोगिताएं छात्रों को उनकी वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं को निखारने का अवसर देती हैं, वही गैर तकनीकी प्रतियोगिताएं उन्हें संचार, नेतृत्व, टीमवर्क, और रचनात्मक सोच जैसी अन्य महत्वपूर्ण क्षमताओं को विकसित करने में मदद करती हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्र विभिन्न समस्याओं का समाधान सोचने की क्षमता विकसित करते हैं, जिससे उनका नवाचार और विश्लेषणात्मक सोच बेहतर होती है छात्रों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित यह टेक फेस्ट उत्सव की तरह होता है जिसमें उनकी भागीदारी बहुत ही उत्साहवर्धक होती है।

## राउरकेला में वन्यजीव संरक्षण का ऐतिहासिक मॉडल सफल

**राउरकेला।** वन्यजीव संरक्षण और रेल सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राउरकेला वन विभाग ने ओडिशा में पहली बार चार एआई सक्षम हाथी सुरक्षा टावर स्थापित कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस अभिनव पहल के माध्यम से संभावित ट्रेन हाथी टक्करों को प्रभावी ढंग से रोका गया है। यह पहल तकनीक और पर्यावरण संरक्षण के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है। पृष्ठभूमि 18 नवंबर 2024 तक इस वन प्रभाग क्षेत्र में रेल दुर्घटनाओं में 11 हाथियों की मृत्यु हो चुकी थी। के अंतर्गत आने वाले रेल मार्ग घने वन क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं, जो हाथियों के पारंपरिक आवागमन मार्गों को विभाजित करते हैं और उन्हें निरंतर खतरे में डालते हैं। हावड़ा मुंबई मुख्य रेलमार्ग तथा हाटिया बंडामुंडा बरसुआ शाखा रेलमार्ग, जो बंडामुंडा में आपस में जुड़ते हैंए इसी संवेदनशील वन क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। इतने विस्तृत और सक्रिय क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों की निगरानी अत्यंत चुनौतीपूर्ण रही है।

## अदाणी फाउंडेशन ने किया सड़क सुरक्षा माह पर हेलमेट वितरण




**रायगढ़।** सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा ढोलनारा में ग्रामीण समुदाय के लिए हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में सुरक्षित वाहन संचालन की आदत विकसित करना और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का आयोजन प्रोग्राम मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर और कम्युनिटी मोबिलाइज़र की उपस्थिति में किया गया। साइट हेड ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और युवाओं को हेलमेट प्रदान किए गए, जिनका उद्देश्य उन्हें दोपहिया वाहन चलाते समय सुरक्षा के प्रति अधिक सजग बनाना था। प्रतिनिधियों ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेलमेट पहनना केवल व्यक्तिगत सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि परिवार और समाज की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का नियमित उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। ग्रामीणों ने अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास का स्वागत करते हुए इसे जीवन रक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने साझा किया कि वे सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत हैंए लेकिन हेलमेट उपयोग उनकी नियमित आदत नहीं बन पाया था।



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style

# मोना

## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।



हॉलीवुड मसाला



## डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



## स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



## आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



## तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेंस और कई परतों से बना हुआ है।

टीवी मसाला



## फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

## अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



## अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख




हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

*लेकिन सवाल है:* जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा

*अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :* जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

### एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*नई दिल्ली। बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### अवैध रेत उत्खनन करते पोकलेन मशीन जब्त

**सारंगढ़।** अवैध रेत उत्खनन मामले में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश एवं खनि अधिकारी बजरंग पैकरा के मार्गदर्शन में राजस्व एवं खनिज विभाग के अमला द्वारा सारंगढ़ तहसील क्षेत्र में सोमवार को संयुक्त निरीक्षण कर ग्राम दहिदा के नदी तट पर स्थित पोकलेन मशीन सीरियल नंबर एसपी 20-57914 को जब्त की गई है। कोटवार ग्राम दहिदा के निगरानी में रखा गया।

### 26 फरवरी को लगेगा लाइसेंस पंजीयन शिविर

**रायगढ़।** खाद्य कारोबारियों के लिए खाद्य पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति लाइसेंस की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 26 फरवरी आयोजित होगा। शिविर का आयोजन सिंधी पंचायती धर्मशाला, बेलादुला रोड, बीएसएनएल ऑफिस के सामने, रायगढ़ में किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य जिले के सभी थोक, फुटकर, वितरक, विनिर्माता, ठेला, गुमटी एवं अन्य छोटे बड़े खाद्य कारोबारियों को पंजीयन और लाइसेंस प्रक्रिया से जोड़ना है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कई खाद्य व्यवसायी पर्याप्त जानकारी के अभाव में ऑनलाइन आवेदन करने में असमर्थ रहते हैं।

## निधन...

### शुक्लांबर सिदार

**पुसौर।** शुक्लांबर सिदार का अचानक निधन हो गया। शुक्लांबर एक कुशल चालक के साथ-साथ सभी कार्यो में दक्ष था।



शुक्लांबर सिदार के संबंध में पूर्व अध्यक्ष किसोर कसेर ने कहा कि ये मूल निवासी धुरेनपाली के हैं जो पुसौर नगर पंचायत में काम करने के लिए झिझक रहे थे जिन्हें हिम्मत बंधाया गया और तब से लेकर लगातार ये कार्यरत थे।

# हरदी में अवैध शराब-गांजा बिक्री से परेशान महिलाओं ने घेरा थाना

**घर बचाने दुधमुंहे बच्चों को गोद में लेकर थाना पहुंचीं थी हरदी की महिलाएं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर से लगे चंद्रपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदी में देशी शराब, कच्ची महुआ शराब एवं गांजा की अवैध बिक्री को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में चल रहे नशे के अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाने और संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्रामीण महिलाओं का आरोप है कि कई सालों से कुछ लोग संगठित रूप से गांव में नशीले पदार्थों की बिक्री कर रहे हैं, जिससे सामाजिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम पंचायत एवं महिला समूह द्वारा कई बार बैठक कर संबंधित लोगों को चेतावनी दी गई। पंचायत स्तर पर प्रस्ताव पारित कर शराब व गांजा की बिक्री बंद करने का निर्णय भी लिया गया, किंतु इन निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। स्थिति यह है कि नशे का कारोबार रुकने के बजाय और अधिक फैलता जा रहा है।




शिकायत लेकर थाना पहुंची ग्रामीण महिलाएं।

### थाने से मात्र 3 किलोमीटर दूरी, फिर भी कार्रवाई शून्य

ग्रामीणों ने विशेष रूप से यह मुद्दा उठाया है कि ग्राम पंचायत हरदी, चंद्रपुर थाना से महज लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इतनी नजदीकी के बावजूद यदि गांव में खुलेआम देशी शराबए कच्ची महुआ शराब और गांजा की बिक्री हो रही है और उस पर ठोस पुलिस कार्रवाई नहीं हो रही, तो यह प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार मौखिक शिकायतें किए जाने के बावजूद न तो छापामार कार्रवाई हुई और न ही आरोपित व्यक्तियों पर कोई सख्त कदम उठाया गया। इससे ग्रामीणों के मन में संदेह और शंका की स्थिति निर्मित हो रही है। कुछ ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए मिलीभगत की आशंका भी व्यक्त की है। उनका कहना है कि खुलेआम नशे की बिक्री और लगातार निष्क्रियता पुलिस की नाकामी को उजागर करती है।

### थाना प्रभारी ने दिया अश्वासन

थाना प्रभारी गगन वाजपेई ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि शिकायत की गंभीरता से जांच कर जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी और अवैध शराब बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी तरह की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने महिलाओं से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध कारोबार की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई की जा।

पंचायत में कई बार बैठक कर समझाइश दी गई, लेकिन शराब बेचने वालों पर कोई असर नहीं पड़ा। मजबूर होकर हमें थाने का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

**कृपालु दास वैष्णव सरपंच हरदी**

हमने कई बार समझाइश दी, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। शराब और गांजा की वजह से गांव का माहौल खराब हो गया है।

**मंजू सिदार जनपद सदस्य हरदी**



# चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला अध्यक्ष अनिल चौहान एवं विभागीय जिला संयोजक जुगल किशोर मंथन के नेतृत्व में कर्मचारी साथियो के साथ छात्रावास आश्रम में कार्य के आवश्यकतानुसार रखें गए दैनिक मजदूर कर्मचारियों के लगभग 2 वर्ष के लंबित श्रम सम्मान राशि के मांग के लिए कलेक्टर के नाम से अपर कलेक्टर से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा गया।

# स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन ने रचा जन स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण का नया अध्याय

**बिलाईगढ़।** जिला के विकासखंड बिलाईगढ़ में जनस्वास्थ्य को नई दिशा देने वाला भव्य स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन थाना मैदान बिलाईगढ़ में विराट स्वरूप में संपन्न हुआ। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समितियों के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन ने जनसहभागिता जागरूकता और जवाबदेही का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण तथा सैकड़ों मितानिनों की उपस्थिति ने पूरे थाना मैदान को जनस्वास्थ्य के संकल्प से सराबोर कर दिया।



सम्मेलन स्थल पर स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े संदेशों, योजनाओं और जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी प्रदर्शित की गई, जिससे आयोजन का स्वरूप एक जनआंदोलन जैसा प्रतीत हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न राष्ट्रपिता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं पुष्पमाला अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने स्वास्थ्य सशक्त समाज निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक की प्रभावशाली उपस्थिति ने सम्मेलन को विशेष ऊंचाई प्रदान की। उनके साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर भट्ट, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन, भूपेंद्र यादव, पार्षद घसिया यादव, तेरस देवांगन एवं रामनारायण साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई।

# कलेक्टर ने ली बोर्ड परीक्षा उड़नदस्ता टीम की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में दसवींए बारहवीं बोर्ड परीक्षा से जुड़े उड़नदस्ता टीम के साथ बैठक लेकर उन्हें निर्देश दिए कि सभी निर्धारित समय पर निश्चित स्थान में पहुंचे। जिस दिन जिस विषय का परीक्षा हो उस दिन उस विषय का शिक्षक की ड्यूटी नहीं लगाई जाए। स्कूल परिसर में गहरी शांति का वातावरण हो। बच्चों के परीक्षा के दौरान अनावश्यक आपसी बातचीत कोई नहीं करें। प्रश्न पत्र खोलते समय इसकी गोपनीयता बरकरार अनिवार्य रूप से रखी जाए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, ऋचा सिंह जिला शिक्षा अधिकारी जोइधाराम डहरिया सहित दल के सदस्य उपस्थित थे।







